Best Selling **BLOG** and **MAGAZINE**
Theme of All Time
Experience the change!



# अग्रवाल महाविद्यालय की शूटर ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जीता कांस्य पदक

By **Shreyash Panchal** June 8, 2022 3 0




**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की बी. ए. प्रथम वर्ष की छात्रा व शूटर शिखा नरवाल ने डॉ. करण सिंह शूटिंग रेंज(नई दिल्ली) में चल रहे "**खेलो इंडिया यूथ गेम्स**" में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। गौरतलब है कि
यह प्रतियोगिता 5 जून 2022 से 9 जून 2022 तक चलेगी और इसमें देश के सभी राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग ले रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने विजेता खिलाड़ी **शिखा नरवाल** को बधाई दी व कहा कि इतनी बड़ी उपलब्धि एक दिन में प्राप्त नहीं होती, रात दिन खून पसीना बहा कर धैर्य और एकाग्रता का परिचय देकर ऐसे मुकाम हासिल किए जाते हैं। प्राचार्य जी ने शिखा नरवाल को भविष्य में और मेहनत कर और भी ऊंचे शिखर पर पहुंचने के लिए भी प्रेरित किया। प्राचार्य जी हमेशा ही खिलाड़ियों को सहयोग करते हैं ताकि वे महाविद्यालय, क्षेत्र, राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें।